कार्यालय नगर निगम, देहरादून।

निविदा सूचना

नगर निगम देहरादून वर्ष 2024–25 में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डों में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम मद के अन्तर्गत इण्टरलॉकिंग टाईल्स एवं पार्कों का विकास एवं सौन्दर्यीकरण के कार्यों की सीलबन्द निविदा निर्धारित प्रपत्रों पर दिनांक–19/9/024 को 4.00 बजे आमंत्रित की जाती है, जो निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के कार्यों का विवरण एव शर्ते नगर निगम की वैबसाईट www.nagarnigamdehradun.com एवं कार्यालय नगर निगम, देहरादून के सूचना पट्ट एवं अभियन्त्रण अनुभाग में देखा जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि से 120 दिन की अवधि के लिए वैध रहेगी। निविदा फार्म व शर्तें नगर निगम,देहरादून के कार्यालय से दिनांक–18/9/024 को कार्यालय दिवस में 2.00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कराकर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा आमन्त्रण की तिथि पर अवकाश होने पर अगली तिथि पर निविदा की जायेगी। रक्षाधन, एफ0डी0आर/सी0डी0आर0 एवं अन्य समकक्ष रूप में शुल्क जमा करने से पूर्व कार्यालय में जमा करानी अनिवार्य होगी। बिना रक्षाधन के निविदा प्रपत्र जारी नहीं किया जायेगा। किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम में निहित है।

नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून।

कार्यालय नगर निगम देहरादून

पत्रांक – 618 /सा0नि0वि0/न0नि0/दे0दून/2024–25 दिनांकः–5/9/024

प्रतिलिपिः–

1. जिलाधिकारी देहरादून को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने अधीनस्थ विभागों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. सम्पादक ....हिन्दुस्तान..../....पायोनियर.... को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को न्यूनतम क्षेत्रफल में आगामी देहरादून संस्करण में पूर्व में निर्धारित दरों पर छूट देते हुए प्रकाशित कर बिल एवं समाचार की तीन प्रतियां निःशुल्क बिल भुगतान हेतु नगर निगम को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. आई0टी0 ऑफिसर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त कार्य की निविदा संबंधित समस्त विवरण नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigamdehradun.com पर अपलोडं करना सुनिश्चित करें।
4. नोटिस बोर्ड, नगर निगम देहरादून पर चस्पा करने हेतु।

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, देहरादून।